प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

28.04.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

मुख्य समाचार''

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नागरिक अलंकरण समारोह में पद्म पुरस्कार किए प्रदान– बिलासपुर ज़िले के प्रगतिशील बागवान हरिमन शर्मा को पद्मश्री से किया सम्मानित।
- मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने हिमाचल को हरित ऊर्जा राज्य बनाने में सभी वर्गों से सहयोग का किया आह्वान।
- लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने पहलगाम आतंकी हमले में पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की वकालत की।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा– अनुबंध भर्तियों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाकर युवाओं के साथ अन्याय कर रही प्रदेश सरकार।

राष्ट्रपति–पद्म पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में आयोजित पहले नागरिक अलंकरण समारोह में प्रख्यात हस्तियों को पद्म पुरस्कार प्रदान किए। देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में से एक पद्म पुरस्कार तीन श्रेणियों – पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री में प्रदान किए जाते हैं। इस अवसर पर कला, सामाजिक कार्य, सार्वजनिक मामलों, विज्ञान और इंजीनियरिंग, व्यापार व उद्योग, चिकित्सा, साहित्य व शिक्षा, खेल व सिविल सेवा सहित विभिन्न विषयों और क्षेत्रों में पुरस्कार दिए गए। इन विभूतियों में हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले के पनियाला गांव के प्रगतिशील बागवान हरिमन शर्मा भी शामिल रहे जिन्हें राष्ट्रपति ने पदमश्री पुरस्कार से नवाज़ा है। उन्हें ये पुरस्कार गर्म क्षेत्र में सेब की नई किस्म हरिमन–99 के शोध के लिए दिया गया है। हरिमन शर्मा को पदमश्री मिलना प्रदेश के लिए गर्व की बात है।

सीएम

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश को वर्ष 2026 तक हरित ऊर्जा राज्य बनाने में सभी वर्गों से सहयोग देने का आह्वान किया है। कसौली विधानसभा क्षेत्र के गांधीग्राम में आयोजित अखिल भारतीय मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस में आज बतौर मुख्य अतिथि उन्होंने ये बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने युवाओं के लिए 6 सौ 80 करोड़ रूपए की राजीव गांधी स्वरोज़गार स्टार्टअप

योजना शुरू की है जिसमें उन्हें ई–टैक्सी खरीद पर 50 प्रतिशत सब्सिडी दी जा रही है और 10 मई से पहले 50 और ई–टैक्सी स्वीकृत की जाएंगी।

सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि युवाओं को स्वरोज़गार के अवसर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से सरकार निजी क्षेत्र को एक हज़ार बस मार्गों के नए परमिट प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि इन मार्गों पर बस या टैंपो ट्रैवलर की खरीद के लिए ई–वाहनों पर 40 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रैस्टहाउस, पंचायत घरों और पर्यटन विकास निगम के 65 होटलों में ये ई–व्हीकल चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल और उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री

इससे पहले मुख्यमंत्री ने आज शिमला में अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक व विशेष रूप से सक्षम का सशक्तिकरण विभाग के ई–कल्याण पोर्टल का शुभारम्भ किया। इस पोर्टल के माध्यम से प्रदेश के सभी पात्र आवेदक निदेशालय के अन्तर्गत कार्यान्वित की जा रही पेंशन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ई–कल्याण पोर्टल को हिम भूमि, हिम परिवार, आधार और पी.डी.एस. राशनकार्ड डाटाबेस से एकीकृत किया गया है।

अग्निहोत्री

ऊना ज़िला के हरोली उत्सव के दूसरे दिन आज सड़क सुरक्षा और नशा मुक्ति जागरूकता मैराथन आयोजित की गई। प्रदेश परिवहन व खेल विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस मैराथन को उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उप–मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सरकार नशा मुक्त ऊना– नशा मुक्त हिमाचल बनाने के लिए प्रतिबद्धता से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने नशे के खिलाफ सख्त कानून बनाए हैं और समाज को नशामुक्त बनाने के लिए लगातार जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इस दौरान मुकेश अग्निहोत्री ने विकास प्रदर्शनी का अवलोकन किया और स्वयं इलेक्ट्रिक स्कूटी चलाकर हरित परिवहन को बढ़ावा देने का संदेश दिया। उपमुख्यमंत्री ने स्वच्छ ऊर्जा और पर्यावरण संरक्षण के महत्व को रेखांकित करते हुए ई–मोबिलिटी को भविष्य की आवश्यकता बताया।

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि पहलगाम आतंकी हमले में संलिप्त आतंकियों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। आज शिमला में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में कांग्रेस पार्टी केन्द्र के साथ खड़ी है, और अब पाकिस्तान को सबक सिखाने का समय आ गया है। विक्रमादित्य सिंह ने पाकिस्तान के खिलाफ सभी को एकजुट होकर निर्णायक कदम उठाने पर ज़ोर दिया। सिंधु जल संधि को निलंबित करने के फैसले का उन्होंने स्वागत किया है।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि सरकार ने अनुबंध भर्तियों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है, लेकिन युवाओं की भर्ती कैसे होगी, इस पर कुछ भी स्पष्ट नहीं किया है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने इसे युवाओं को बेरोज़गार रखने की सरकार की साज़िश बताया। नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि भर्तियों को रोक कर सरकार युवाओं के साथ अन्याय कर रही है। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार एक लाख सरकारी नौकरियां और 5 लाख रोज़गार देने की गारंटी के साथ सत्ता में आई थी, लेकिन अब लोगों को बेरोज़गार करने के बहाने खोज रही है।

कुलदीप पठानिया

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने आज भटियात विधानसभा क्षेत्र के तहत विभिन्न ग्राम पंचायतों का दौरा कर वहां चल रहे विकास कार्यों की प्रगति का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को ज़रूरी दिशा–निर्देश भी दिए। विधानसभा अध्यक्ष ने स्थानीय लोगों की समस्याओं को भी सुना और अधिकांश का मौके पर समाधान किया।

संगोष्ठी

किन्नौर ज़िला भाजपा द्वारा भारत रत्न डॉक्टर भीमराव आंबेडकर पर आज रिकांगपिओ में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक बलवीर वर्मा और लोकेन्द्र ने डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए देश सेवा में उनके द्वारा दिए गए योगदान की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने डॉक्टर आंबेडकर का हमेशा अपमान किया है जबकि भाजपा ने ही उन्हें भारत रत्न से नवाज़ा है। संगोष्ठी में ज़िले के विभिन्न क्षेत्रों से आए भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

गोविंद ठाकुर

पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने आरोप लगाया है कि मौजूदा राज्य सरकार ने कर्मचारियों के उत्पीड़न को अपनी नीति बना लिया है। एक प्रेस बयान में उन्होंने कहा है कि हाल ही में प्रदेश के

प्राथमिक शिक्षकों के खिलाफ मुकद्दमे दर्ज कर उन्हें निलंबित करना सरकार के कर्मचारी विरोधी रवैये को दर्शाता है। गोविंद ठाकुर ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के समय कर्मचारियों की समस्याओं व मांगों के समाधान के लिए संवाद को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती थी लेकिन वर्तमान सुक्खू सरकार कर्मचारियों की आवाज़ सुनने की बजाय उन्हें दंडित कर रही है जो चिंताजनक है। उन्होंने शिक्षकों के खिलाफ की गई कार्रवाई को निरस्त करने की सरकार से मांग की है।

## प्रदर्शन

हिमाचल किसान सभा, नागरिक सभा और अन्य वामपंथी संगठनों ने आज शिमला में उपायुक्त कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। इस दौरान इन संगठनों के नेताओं ने उच्च न्यायालय के आदेश पर वन विभाग द्वारा की जा रही ज़मीन से बेदखली और मकानों की बाड़बंदी का विरोध करते हुए उपायुक्त के माध्यम से सरकार को एक ज्ञापन सौंपा। हिमाचल किसान सभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह तंवर ने गरीब परिवारों और लघु किसानों की ज़मीन से बेदखली पर रोक लगाने और किसानों के कब्ज़े वाली 5 बीघा तक की ज़मीन को नियमित करने की मांग की।

## मुख्य समाचार एक बार फिर''

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नागरिक अलंकरण समारोह में पद्म पुरस्कार किए प्रदान– बिलासपुर ज़िले के प्रगतिशील बागवान हरिमन शर्मा को पद्मश्री से किया सम्मानित।
- मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने हिमाचल को हरित ऊर्जा राज्य बनाने में सभी वर्गों से सहयोग का किया आह्वान।
- लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने पहलगाम आतंकी हमले में पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की वकालत की।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा– अनुबंध भर्तियों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाकर युवाओं के साथ अन्याय कर रही प्रदेश सरकार।